# आकाशवाणी मध्यप्रदेश
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 30.05.2026 समय : 02.10PM

**अमित शाह सुरक्षा**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के भुज में भारत–पाकिस्तान सीमा पर स्थित जी–7 और जी–13 सीमा चौकियों का उद्घाटन किया। इस दौरान अमित शाह ने घोषणा की कि बीएसएफ की स्थापना के 60वें वर्ष में सीमा सुरक्षा की अवधारणा को पूरी तरह बदला जा रहा है। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल में नई सरकार बनते ही सीमा पर फेंसिंग के लिए जमीन का गतिरोध एक हफ्ते में दूर कर लिया गया है।

**सीएम मप्र**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने दो दिनी जम्मू कश्मीर के दौरे के अंतिम दिन आज श्रीनगर में हैं। वे स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे और लोकभवन श्रीनगर का दौरा भी करेंगे। उन्होंने कहा कि वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के प्रबंधन का अध्ययन कर वे मध्यप्रदेश को धार्मिक पर्यटन का मॉडल स्टेट बनाएंगे। आपको बता दें कि सीएम डॉ. यादव आज शाम को वापस भोपाल आ जाएंगे।

**ऑपरेशन सिंदूर**

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल उच्च स्तर की सतर्कता पर है और आवश्यकता पड़ने पर ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए तैयार है। सेना प्रमुख पुणे के खड़कवासला स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में 150वें बैच की पासिंग आउट परेड को संबोधित कर रहे थे। आपको बता दे ंकि इस बार रक्षा अकादमी से कुल 353 कैडेटों ने स्नातक की उपाधि प्राप्त की एवं मित्र विदेशी देशों के 21 कैडेटों को भी डिग्री प्रदान की गई।

**जिला न्यायाधीश**

छतरपुर में ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए जिला प्रधान न्यायाधीश रविन्द्र सिंह एवं कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश राजेश देवलिया साइकिल से अदालत पहुंचे। प्रधान न्यायाधीश ने बताया कि अब प्रत्येक शनिवार सभी न्यायिक अधिकारी साइकिल से ही न्यायालय आएंगे, ताकि आमजन को ईंधन बचत और स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित किया जा सके। ऐसा करना पर्यावरण के लिए भी अनुकूल है और हम अपने देश हित के लिए भी काम कर रहे हैं उन्होंने बताया कि अन्य जज भी आज एक साथ फुल करके ग्रुप में एक ही वाहन से अदालत पहुंचे हैं।

**एनएफएचएस–मातृ स्वास्थ्य**

स्वास्थ्य और शिशु कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण– 6 जारी कर दिया गया है। इसमें भारत में मातृ और शिशु स्वास्थ्य, पोषण और वित्तीय सुरक्षा के क्षेत्र में हुई तीव्र प्रगति के आंकड़े दर्शाए गए हैं। मंत्रालय द्वारा ये सर्वेक्षण 2023–24 में संचालित किया गया था। इसमें 715 जिलों के 6 लाख 79 हजार परिवारों को शामिल किया गया था। जारी सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में संस्थागत प्रसव 2019–21 में 88 दशमलव 6 प्रतिशत से बढ़कर 2023–24 में 90 दशमलव 6 प्रतिशत हो गए हैं। सर्वेक्षण में बताया गया है कि भारत की कुल प्रजनन दर दो पर स्थिर है।

**मौसम अपडेट**

मध्य प्रदेश में नौतपा के बीच मौसम का अनोखा रूप देखने को मिल रहा है। प्रदेश का आधा हिस्सा भीषण गर्मी और लू (हीटवेव) की चपेट में है, जबकि बाकी आधे हिस्से में तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर, भिंड और मंदसौर सहित ''9 जिलों में ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट'' जारी किया है, वहीं 8 जिलों में लू की चेतावनी है। हाल ही में हुई बारिश के कारण ग्वालियर और दतिया जैसे शहरों के तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस तक की भारी गिरावट आई है।

**कुछ समाचार संक्षेप में**

- सीहोर ' जिले में स्कूल चले हम अभियान के तहत शिक्षा पुंज 0.2 नवाचार जारी है। कलेक्टर के निर्देश पर अक्षर साथी घर–घर जाकर ड्रॉप आउट बच्चों को दोबारा शाला से जोड़ रहे हैं।
- आगर मालवा जिले में माहवारी स्वच्छता दिवस पर ग्राम खेरिया और कानड़ स्वास्थ्य केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। किशोरियों को स्वच्छता, एनीमिया से बचाव और पौष्टिक आहार की जानकारी दी गई।
- भोपाल जनजातीय संग्रहालय में कल संभावना कार्यक्रम होगा। इसमें राजगढ़ का मालवी गायन, नर्मदापुरम का कबीर गायन और डिंडोरी का गुदुमबाजा नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा।
- रतलाम जिले में के गुलाब चक्कर पर साहित्यिक संगम "कविताई– शब्दों की शान" आयोजित हुआ। इसमें नए रचनाकारों ने देशभक्ति, मातृ–प्रेम और नारी शक्ति पर मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुतियां दीं।